दिन—गुरूवार   दिनांक— 01 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः— 05 मिनट

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के भीतर उप—वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने बीस वर्ष पुराने अपने ही एक फैसले को छह के मुकाबले एक से खारिज कर दिया। वर्ष दो हजार चार में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण का उप—वर्गीकरण भर्तियों और सरकारी नौकरियों में स्वीकार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड ने फैसला सुनाते हुये कहा कि अनुसूचित जनजाति का उप—वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद चौदह का उल्लंघन नहीं है। अनुच्छेद पन्द्रह और सोलह किसी राज्य को एक जाति का उप—वर्गीकरण करने से नहीं रोकते हैं। इससे पहले इस वर्ष आठ फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अन्य न्यायविदों के तर्क सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। केंद्र सरकार ने माना है कि वह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में वर्गीकरण किए जाने के पक्ष में है।

——————————————————————————

भारत ने पेरिस ओलंपिक में तीसरे पदक पर कब्जा जमाया है। आज खेलों के छठे दिन निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पचास मीटर रायफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वप्निल कुसाले को कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में रेल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हर सम्भव उपाय किये जा रहे हैं। लोकसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कहा कि रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। प्रतिवर्ष औसतन अड़सठ रेल दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों को और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

——————————————————————————

राजस्थान के जयपुर के विद्याधरनगर में भारी बारिश के कारण एक घर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मृतक भोजपुर जिले के रहने वाले थे। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि मृतकों में पिता और उसके दो पुत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों से सम्पर्क कर लिया गया है और प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। बक्सर में सबसे अधिक एक सौ नब्बे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। नालंदा जिले के करायपरसुराय में एक सौ सोलह दशमलव चार और किशनगंज के हायाघाट में एक सौ दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। कई अन्य स्थानों पर सौ मिलीमीटर से लेकर पचास मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान नवादा, गया और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के दक्षिण, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से शुरू हो गयी है। काउंसलिंग की प्रक्रिया छह अगस्त तक चलेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि जिला मुख्यालय में काउंसलिंग के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से अभ्यर्थियों के लिए स्लॉट बुक किया जा रहा है। शिक्षकों की पहचान उनके आधार कार्ड, थम्ब इम्प्रेशन और फोटो से की जा रही है। काउंसलिंग के लिए सफल अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से तीस मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।